भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

04.08.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1909 का उत्तर

रेलगाड़ियों का स्टॉपेज/ठहराव पुनः बहाल करने हेतु

1909. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 महामारी के कारण बंद की गई रेलगाड़ियों के पुनः परिचालन के बाद वर्तमान में कितनी रेलगाड़ियों का किन-किन स्थानों पर स्टॉपेज/ठहराव पुनः शुरू नहीं किया गया है, तत्संबंधी जोन-वार, रेलगाड़ी-वार और स्टेशन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन क्षेत्रों के यात्रियों की यात्रा संबंधी समस्याओं का किस प्रकार समाधान किया जाएगा जहाँ रेलगाड़ियों के ठहराव को फिर से शुरू नहीं किया गया है; और

(घ) पूर्व मध्य रेलवे, सोनपुर मण्डल के कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर रेल ठहराव कब तक पुनः शुरू किए जाने का विचार है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) : भारतीय रेल ने आईआईटी-बॉम्बे की सहयोग से वैज्ञानिक प्रणाली से ठहरावों के यौक्तिकरण सहित समय सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य शुरू किया है। प्रक्रिया में अन्य बातों के साथ-साथ कार्य अनुरक्षण गलियारा ब्लॉक बनाकर , मौजूदा समय-सारणी के संबंध में प्रतिकूलता को कम करके और गाड़ी सेवाओं में तेजी लाकर बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने के लिए की गई है। तदनुसार , कर्पूरीग्राम वर्तमान में 08 गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त , भारतीय रेल पर गाड़ियों के ठहराव का प्रावधान सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक संभाव्यता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन है।

******